Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding acute water shortage in Jahanabad Parliamentary Constituency, Bihar -laid.

श्री चन्देश्वर प्रसाद (ज़हानाबाद): मेरा संसदीय क्षेत्र ज़हानाबाद (बिहार) पूरी तरह से सुखाड़ की स्थिति में है । आज मेरे संसदीय क्षेत्र ज़हानाबाद में पेयजल का गंभीर संकट है । हमारे सामने एक गंभीर आपदा की स्थिति आ गयी है । जो पहाड़ी इलाका है, वहाँ 200-250 और कहीं-कहीं 400 फीट पर भी पानी नहीं मिल रहा है । किसान सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं । ग्राउंड वॉटर नीचे चला गया है । पीने के पानी का घोर संकट है । बोरिंग फेल हो गयी है, किसान निराश और हताश है । वहाँ पेयजल की व्यवस्था होनी चाहिए । राज्य सरकार अपने सीमित संसाधन से इस संकट से निपटने का प्रयास कर रही है ।

मेरा केन्द्र एवं प्रदेश सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र, ज़हानाबाद सहित बिहार के सभी जिलों में पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था की जाए ।